## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 07.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का करेंगे उद्‌घाटन, झारखंड समेत देशभर में गूंजेगा वंदे मातरम।
- घाटशिला उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज, भाजपा के पांच पूर्व मुख्यमंत्रियों ने झोंकी ताकत, झामुमो की ओर से केन्द्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आज फिर होगी चुनावी रैली।
- राज्य सरकार ने डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा किया मंजूर, 1994 बैच की आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा को सौंपी गयी राज्य पुलिस की कमान।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुरु की रांची के पूर्व डीसी महिमापत रे की संपत्ति की जांच, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का है आरोप।
- भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, आज देश भर में मनाया जा रहा है शताब्दी समारोह, सिमडेगा समेत 500 जिलों में होगा जश्न।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड समेत देश के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

***************

देश राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह एक ऐसा गीत है जिसने कई पीढ़ियों को एकजुट होने, आगे बढ़ने और राष्ट्र की भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि यदि देशभक्ति शब्द से परे एक भावना है, तो वंदे मातरम गीत उस भावना को मूर्त रूप देता है।

***************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तारीख जैसे–जैसे करीब आ रही है, राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों बालूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा ने कमान संभाल रखी है। राष्ट्रीय स्तर के नेता भी श्री सोरेन के पक्ष में रैलिया कर रहे हैं। इधर, झामुमो प्रत्याशी सोमेश कुमार सोरेन के लिए पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन पसीना बहा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज भी धालभूमगढ़ स्थित नरसिंह उच्च विद्यालय मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

***************

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव शुरू किया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरो में कमी से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इसी कड़ी में आज हमारे संवाददाता बता रहे हैं कि पर्यटन क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को किस तरह लाभ हो रहा है।

***************

झारखंड कैडर के 1994 बैच की आईपीएस तदाशा मिश्रा को झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कल देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। तादाश मिश्रा वर्तमान में झारखंड पुलिस के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। यह पहला मौका है जब राज्य पुलिस की कमान एक महिला आइपीएस अधिकारी को सौंपी गयी है। तदाशा मिश्रा आज अपना पदभार ग्रहण करेंगी। इधर, सरकार ने डीजीपी अनुराग गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

***************

राज्य में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने एक और बड़ी कार्रवाई शुरू की है। इस बार एसीबी ने रांची के पूर्व उपायुक्त और वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये आईएएस अधिकारी राय महिमापत रे के खिलाफ पीई दर्ज की है। राज्य सरकार से अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने औपचारिक रूप से उनकी संपत्ति की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

***************

झारखंड अपने स्थापना का रजत जयंती मना रहा है। लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित विकास अब तक नहीं हो पाया है। गिरिडीह कॉलेज में शिक्षकों के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। इसका असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कॉलेज के प्राचार्य अनुज कुमार बताते हैं इस नामचीन कॉलेज ने कई आईएएस, डाक्टर और इंजीनियर तैयार किये लेकिन आज इस कॉलेज में शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों की भारी कमी है।

***************

राज्य सरकार ने ब्लड बैंकों में खून के बदले खून लेने का नियम पूर्ण रूप से हटा दिया है। इसके बाद हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्त की भारी कमी हो गई है। इससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार ने बताया कि अगर यही स्थिति रही तो जिले में ब्लड की कमी से जूझना पड़ेगा।

***************

हजारीबाग में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके जरिये आत्मनिर्भरता की पटकथा लिखी जा रही है।

***************

भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे हो गये हैं। 7 नवंबर 1925 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में बने भारतीय हॉकी संघ ने देश में खेलों की नई पहचान बनाई थी। इस ऐतिहासिक मौके पर हॉकी इंडिया के आह्वान पर देशभर में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। आज देशभर के 500 जिलों में एक हजार हॉकी मैचों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा जिले में भी महिला और पुरुष वर्ग का विशेष हॉकी मैच खेला जाएगा।

***************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग होने और तदाशा मिश्रा के झारखंड की प्रभारी डीजीपी बनने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– प्रमोशन का फार्मेट तैयार, झारखंड को मिलेंगे वीसी–प्रोवीसी पद के अभ्यर्थी।

हिन्दुस्तान लिखता है– सुबह में कनकनी शुरु, कल से और बढ़ेगी ठंड।

प्रभात खबर के शब्द हैं–लोकायुक्त का पद चार वर्षों से खाली, 3 हजार 256 मामले लंबित।

दैनिक जागरण ने लिखा है– अस्पतालों में मरीजों को भर्ती से लेकर छुट्टी देने तक का होगा प्रोटोकाल।

********************